दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 15 नवम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-48

## महत्वपूर्ण एवं खास

### हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट के 20 आतंकवादियों की मौत

दमिश्क (आरएनएस)। पूर्वी सीरिया में आईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों में बीते 24 घंटों में अमेरिका के नेतृत्व में हवाई हमलों में 20 आतंकवादी मारे गए। सीरिया के डेर अल-जोर प्रांत में आईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों में अमेरिका के नेतृत्व में गठबंधन सेना के हमले में आईएस के आतंकवादी ढेर हुए। सीरियन ऑब्जेर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, अमेरिका समर्थित सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एसडीएफ) इराक के पास फरात नदी के तट पर आईएस के कब्जे वाले क्षेत्रों में दूसरे दौर का हमला कर रहा है। इस दौरान हालांकि स्थानीय नागरिकों की मौतों का आंकड़ा घटा है। इस सप्ताह अमेरिका के नेतृत्व में हमलों में 10 नागरिकों की मौत हुई है।

### अमेरिका में बड़ा हादसा, बस पलटने से दो की मौत, 44 जख्मी

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के दक्षिणी प्रांत मिसिसिपी में बुधवार को एक पर्यटक बस के पलटने से दो लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य घायल हो गए। डीसोटो काउंटी शेरिफ विभाग के अनुसार मेम्फिस शहर से लगभग 40 मील दक्षिण में डीसोटो काउंटी में बस दुर्घटनाग्रस्त हुई। एक मृतक की पहचान 70 वर्षीय महिला के रूप में हुई है। रिपोर्ट में कहा गया कि दुर्घटना में बचे सभी 44 यात्रियों को चोटें आयीं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में कम से कम तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। डीसोटो काउंटी शेरिफ विभाग का कहना है कि प्रांत के मध्य-दक्षिण के हिस्सों में ओले गिरने से राजमार्गों पर फिसलन है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

### पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हमलों का स्रोत : मोदी

सिंगापुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी हमलों का उद्गम स्थल करार देते हुए आज कहा कि वहां हाल में हुए चुनाव में मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल लोगों का राजनीतिक प्रक्रिया की मुख्यधारा में आना अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मोदी ने यह बात अमेरिकी उपराष्ट्रपति माइकल रिचर्ड पेंस के साथ यहां एक बैठक में कही।

### 28 साल बाद बॉम्बे हाई कोर्ट ने किया बरी

**एक हजार घूस लेने का था आरोप**

नागपुर (आरएनएस)। बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच ने घूस के एक आरोपी को 28 साल बाद केस से बरी कर दिया है। क्लर्क पर 1,000 रुपये घूस लेने का आरोप लगा था। अभियोजन पक्ष इन आरोपों को साबित नहीं कर सका।


### बच्चे के बाद अब बंदरों ने महिला की ली जान

आगरा (आरएनएस)। सोमवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में 12 दिन के बच्चे को मां की गोद से छीनकर बंदर ने मार डाला था। इस घटना के एक दिन बाद ही बंदरों के हमले से एक और महिला की मौत हो गई। 59 साल की महिला पर बंदरों ने हमला कर उसके शरीर में जगह-जगह काटकर बुरी तरह जख्मी कर दिया था। महिला जमीन पर बेहोश हो गई और जब उसके शरीर की हरकत बंद हुई तो बंदर उसे छोड़कर भाग गए। घटना कागारौल इलाके की है। सोमवार को रात साढ़े ग्यारह बजे भूरन देवी खेतों में शौच के लिए गई थी। वहां बंदरों के झुंड ने उनके ऊपर हमला बोल दिया।

## 16 नवम्बर से फिर खुलेंगे सबरीमाला के कपाट

### 21000 पुलिसकर्मी होंगे सुरक्षा में तैनात

तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र समूह की महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ भारी विरोध के बीच शुक्रवार से दो महीने का पर्व शुरू हो रहा है। ऐसे में शुक्रवार से इस त्योहारी पर्व के लिए मंदिर एक बार फिर खोला जाएगा। इस बीच किसी भी तरह के विवाद की आशंका को खत्म करने और तीर्थयात्रा पर चर्चा के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने सभी दलों के साथ बैठक की। उधर, शुक्रवार से शुरू हो रहे पर्व से पहले प्रशासन की तरफ से मंदिर को पूरी तरह किले में तब्दील करने की तैयारी है। सूबे की आधी पुलिस (करीब 21 हजार पुलिसकर्मी) सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होगी। दो महीने के बीच चार चरणों में इनकी तैनाती होगी।



जानकारी के मुताबिक पहली बार सबरीमाला मंदिर में सुरक्षा के इतने कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। सूबे में किसी भी स्तर पर कानून-व्यवस्था से निपटने के लिए 2 महीने के भीतर चार चरणों में 21 हजार पुलिसकर्मी मुस्तैद होंगे। 16 नवम्बर को पहले चरण के तहत करीब 5200 पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। नवम्बर 30 को दूसरे चरण की शुरुआत होगी। पुलिस के मुताबिक 16 जनवरी (पर्व समाप्ति की तारीख) तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे। मंदिर परिसर और इसके आसपास के इलाके को 6 सुरक्षा जोन में बांटते हुए आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हर चरण के तहत इन अधिकारियों को भी बदला जाएगा। इसके साथ-साथ महिला पुलिसकर्मियों की भी बड़ी संख्या में तैनाती होगी।

**दो महीने का पर्व 16 नवम्बर से शुरू**

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश करने देने के अपने आदेश पर रोक लगाने की याचिका को खारिज कर दिया था। सबरीमाला में दो महीने का पर्व 16 नवंबर से शुरू हो रहा है। इस दौरान इस मुद्दे पर विरोध तेज होने की आशंका है। केरल में सत्तारूढ़ सीपीएम के राज्य सचिव कोडियारी बालकृष्णन ने कहा है कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करेगी।

**तृप्ति देसाई करेंगी मंदिर में जाने की कोशिश**

उधर, भूमाता ब्रिगेड की फाउंडर तृप्ति देसाई ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को खत लिखकर सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा के मंदिर में जाने के लिए सुरक्षा की मांग की है। वह 17 नवंबर को मंदिर में जाने की कोशिश करने वाली हैं।

## संसद का शीतकालीन सत्र 11 दिसम्बर से 8 जनवरी तक, इस सत्र में लोकसभा और राज्यसभा की 20 बैठकें होंगी

नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र 11 दिसंबर से 8 जनवरी, 2019 के बीच होगा। संसदीय कार्य मंत्रालय के मुताबिक इस सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा की 20 बैठकें होंगी। मंगलवार को हुई कैबिनेट की संसदीय मामलों की समिति की एक अहम बैठक में ये फैसला लिया गया. संसदीय कार्य राज्य मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली में बुधवार को इसकी घोषणा की. संसदीय कार्य राज्य मंत्री विजय गोयल ने



इस बात की पुष्टि की है कि सत्र 11 दिसम्बर से लेकर 8 जनवरी तक चलेगा और इसमें 20 कार्य दिवस होंगे. उन्होंने कहा, ''हम सभी दलों का सहयोग और समर्थन चाहते है ताकि सत्र के दौरान संसद का संचालन सुचारू ढंग से हो सके. अगले लोकसभा चुनाव से पहले ये संसद का आखरी शीतकालीन सत्र होगा. सरकार के एजेंडा में शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में 15 बिल शामिल किये गए हैं जबकि राज्यसभा में 8 बिल शामिल किये गए हैं. सूत्रों के मुताबिक इस सत्र मे सरकार के एजेंडा में 3 अध्यादेश सबसे ऊपर है जिसमें ट्रिपल तलाक़ और मेडिकल काउंसिल ऑफ़ इंडिया शामिल हैं.

### अबतक 59 की मौत, 130 से ज्यादा लोग लापता

**कैलिफॉर्निया आग**

पैराडाइज (अमेरिका) (आरएनएस)। कैलिफॉर्निया के जंगलों में लगी भीषण आग की चपेट में आए पैराडाइज शहर में बड़े पैमाने पर हवाई टैंकरों और हेलिकॉप्टरों के माध्यम से दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार जूझ रहे हैं।

अमेरिका के इतिहास में सबसे भयावह जंगली आग में अबतक 59 लोगों की मौत हो चुकी है और 130 से ज्यादा लोग लापता हो गए।

## बेकाबू फॉर्च्यूनर ने 9 लोगों को कुचला, एक लड़की की मौत

नईदिल्ली (आरएनएस)। बाहरी दिल्ली के मीरा बाग ट्रैफिक सिग्नल के पास बुधवार रात एक बेकाबू फॉर्चुनर ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी. इस घटना में 16 साल की एक लड़की की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए. पुलिस ने बताया कि बुधवार रात साढ़े आठ बजे हुए हादसे में फॉर्चुनर कार ने पहले एक साइकिल, एक स्कूटर, एक बाइक और एक ई-रिक्शे को टक्कर मारी. इसके बाद एक मिनी बस से भिड़ गई. पुलिस के मुताबिक, कार से टक्कर लगने के कारण एक राहगीर लड़की की मौके पर ही मौत हो गई.




इस हादसे में आठ अन्य लोग जख्मी हुए है, जिसमें एसयूवी का ड्राइवर भी शामिल है. पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीक के सहगल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है.

## 34 साल बाद 2 दोषी करार

### 84 सिख विरोधी दंगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। सिख दंगों के 34 साल बाद पहली बार इससे जुड़े एक मामले में अदालत ने दो लोगों को दोषी करार दिया है। इन दोनों लोगों को दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर गांव में दो सिख युवकों की हत्या का दोषी करार दिया गया है। साल 2015 में केंद्र सरकार के निर्देश पर स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) के बनने के बाद से यह पहला ऐसा केस है, जो तीन सालों के भीतर ही नतीजे पर पहुंच गया।

अडिशनल सेशन जज अजय पांडे ने बुधवार को 130 पन्नों के अपने फैसले में नरेश सेहरावत और यशपाल सिंह को हत्या का दोषी करार दिया। अदालत दोनों को गुरुवार को सजा सुनाएगी।

हत्या के साथ ही अदालत ने दोनों को हमले के इरादे से घर में जबरन घुसने, हत्या की कोशिश, घातक हथियार से चोट पहुंचाने, डकैती, आग लगाने की शरारत जैसे अपराधों का भी दोषी ठहराया। समय से फैसले तक पहुंचने में मदद के लिए अदालत ने अभियोजन के वकीलों, एसआईटी और जांच अधिकारी की तारीफ की।

## लूट के इरादे से टेलर ने कर दी फैशन डिजाइनर की हत्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। साऊथ दिल्ली के पॉश एरिया वसंतकुंज एन्क्लेव में आज सुबह उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब वहां एक कोठी में 53 साल की फैशन डिजाइनर माला लखानी और उनके 50 वर्षीय नौकर बहादुर का शव लहूलुहान हालत में मिला।



मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक लूट के इरादे से देर रात 3 लुटेरे घर के अंदर घुसे थे और हत्या करके फरार हो गए। वारदात को लखानी के पुराने टेलर ने अपने दो जानकारों के साथ अंजाम दिया। जब टेलर को लगा कि वह पहचाना जाएगा तो साथियों के साथ देर रात थाने में सरेंडर कर दिया।

53 वर्षीय माला वसंत कुंज एन्क्लेव की एक कोठी में रहती थीं। वहां उनके अलावा नौकर बहादुर (50) भी रहता था। दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

माला का साउथ दिल्ली के ग्रीन पार्क में बुटीक है। घर पर भी टेलर रखकर काम करवाती थीं।

## किडनैपिंग के बाद किया गैंगरेप, 2 पर केस दर्ज

सोनीपत (आरएनएस)। हरियाणा के सोनीपत शहर थाना क्षेत्र में घर से स्कूल के लिए निकली किशोरी के अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। बाइक सवार दो युवकों पर वारदात को अंजाम देने का आरोप है। किशोरी की मां के बयान पर पुलिस ने दो के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी का आरोप है कि युवक उसे अज्ञात जगह पर ले गये। जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि लड़की का अपहरण कर गैंगरेप की शिकायत मिली है। रात को ही किशोरी का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाए। उसके बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## ब्रेक्सिट समझौते को कैबिनेट से मिली हरी झंडी

लंदन (आरएनएस)। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने बुधवार को ऐलान किया कि कैबिनेट ने ब्रेक्सिट समझौते पर मुहर लगा दी है।

इस संबंध में घंटों की लंबी चर्चा के बाद ब्रिटेन के यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर जाने से संबंधित समझौते के प्रस्तावित मसौदे पर मुहर लगा दी गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, थेरेसा ने कैबिनेट के साथ आपात बैठक के बाद 10 डाउनिंग स्ट्रीट के बाहर इसका ऐलान किया।

## पंजाब में घुसे जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी

### आरएसएस की शाखाओं पर कर सकते हैं हमला

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस के इनपुट के मुताबिक जैश ए मोहम्मद के 6-7 आतंकवादी पंजाब में घुस चुके हैं। ये फिलहाल पंजाब के फिरोजपुर के आसपास हो सकते हैं। फिलहाल पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन सतर्कता से जांच कर रहे हैं। पंजाब का फिरोजपुर जिला पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और माना जा रहा है कि ये आतंकी घुसपैठ करके इस इलाके में आ चुके हैं। बताया जा रहा है कि आतंकवादी दिल्ली की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। बुधवार को पंजाब के पठानकोट के माधोपुर से चार संदिग्धों के द्वारा लूटी गई कार को भी इसी आतंकी हमले की साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि ये आतंकी सड़क मार्ग से दिल्ली की तरफ आकर कोई बड़ी वारदात कर सकते हैं और दिल्ली न पहुंचने की स्थिति पर पंजाब में भी कोई बड़ा आतंकी हमला कर सकते हैं।

## ये है रियल लाइफ का 'हल्क', रोज खाता है 4 किलो चिकन और 36 अंडे

नई दिल्ली। हमारे देश में अगर ताकतवर इंसान की बात की जाए तो दिमाग में सबसे पहले नाम दारा सिंह और द ग्रेट खली का आता है। वहीं बात अगर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान हो तो वहां के 25 साल 435 किलो वजनी अरबाब खिजर हयात उर्फ खान बाबा किसी 'हल्क' से कम नहीं है। अरबाब दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स होने का दावा करते हैं और उनकी हाइट 6.3 फीट है। वैसे अरबाब को 'पाकिस्तानी हल्क' का खिताब पहले ही मिल चुका है। उनका सपना डब्लू डब्लू ई में जाने का है। ताज्जुब की बात तो है कि इतने ज्यादा वजन के बाद भी अरबाब को स्वास्थ्य संबंधी कोई किसी तरह की कोई बीमारी नहीं है। वह अपने



इस बढ़ते वजन और बढ़ा रहे हैं ताकि वेट लिफ्टिंग में जा सके। इन दिनों सोशल मीडिया पर अरबाब हयात के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। इन वीडियो में वे ट्रैक्टर और गाड़ी खींचते देखे जा सकते हैं। वे हर रोज खाने के जरिए 10 हजार कैलोरी लेते हैं। बाबा का दावा है कि वह दुनिया के सबसे ताकतवर शख्स हैं। इससे पहले 163 किलोग्राम के अमेरिका के पॉल एंडरसन को सबसे ताकतवर शख्स का खिताब मिल चुका है।

### श्रीलंका संकट से भारत की बढ़ी दुविधा, चिंता

कोलंबो (आरएनएस)। पड़ोसी देश श्री लंका इस वक्त अभूतपूर्व राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है। लगातार नाटकीय मोड़ ले रहे पड़ोसी देश के इस संकट ने नई दिल्ली की दुविधा और चिंता भी बढ़ा दी है। श्री लंकाई संसद ने बुधवार को प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को पास किया। एक तरफ जहां रानिल विक्रमसिंघे आधिकारिक पीएम आवास में डटे हुए हैं तो दूसरी तरफ राजपक्षे संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग को अनैतिक बता रहे हैं। भारत न तो इससे पूरी तरह दूर रहकर मूकदर्शक बना रह सकता है और न ही इसमें दखल दे सकता है।

## बर्फीले तूफान में फंसे पुलिस के जवान, घंटों मशक्कत के बाद निकले

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में लगातार हो रही बर्फबारी और बारिश से सूबे में ठंड काफी बढ़ गई है। बर्फीले तूफान और भूस्खलन के बीच जनजीवन काफी अस्त-व्यस्त है। उधर, जोजिला में बर्फीले तूफान के बीच कुछ पुलिसकर्मी फंस गए। घंटों की मशक्कत के बाद यहां से पुलिस वैन को बाहर निकाला जा सका।



जानकारी के मुताबिक जोजिला के पास बुधवार को एसएचओ सोनमर्ग मंजूर और उनकी टीम वैन के साथ बर्फीले तूफान में फंस गई। घंटों की मशक्कत के बाद इन्हें यहां से बाहर निकाला जा सका।

बता दें कि जम्मू और कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बीते 24 घंटों से लगातार बर्फबारी जारी है। उधर, मौसम विभाग ने बर्फबारी के बाद मौसम में सुधार होने की संभावना है। मौसम विभाग ने एक अधिकारी ने कहा, जम्मू एवं कश्मीर में गुरुवार से मौसम में सुधार की उम्मीद है। मौसम के 21 नवंबर तक शुष्क रहने की उम्मीद है।

राज्य के सोनमर्ग, पहलगाम, गुलमर्ग, पीर की गली, द्रास, गुरेज व दूसरे पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई है, जबकि मैदानी भागों में बारिश हुई है। राज्य में कारगिल सबसे ठंडा रहा। यह न्यूनतम तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। लेह कस्बे में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया